Publication : Daily News	Subject : AVI requests Rajasthan Govt to Regulate Vaping
Date of Publish : 07th June 2018	Edition : Jaipur

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
डेली न्यूज़
ऐक्टिविस्ट

एवीआई की सरकार से मदद की पेशकश

डेली न्यूज, जयपुर। देश में ई-सिगरेट यूजर्स का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन एसोसिएशन ऑफ वैपर्स इंडिया (एवीआई) ने राजस्थान में ई-सिगरेट और वैपिंग को विनियमित करने के लिए एक अच्छी नीति तैयार करने में राज्य सरकार को मदद की पेशकश की है। धूम्रपान की तुलना में ई-सिगरेट एक कम नुकसानदायक विकल्प है। एवीआई के डायरेक्टर सम्राट चौधरी ने बताया कि ग्लोबल एडल्ट टोबेको सर्वे (जीएटीएस)-2 के मुताबिक राजस्थान में 68 लाख लोग सिगरेट और बीड़ी पीते हैं। अगर समय से उनकी इस लत को छुड़ाया नहीं गया तो उनकी समय पूर्व मृत्यु हो सकती है।

उधर, राज्य सरकार प्रदेश में ई सिगरेट बंद करने की तैयारी में है।